Roll No.
रोल नं.

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

**Code No. 144**

Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.
परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।

# ECONOMICS
# अर्थशास्त्र

***General Instructions :***

***सामान्य निर्देश :***

***Read the following instructions very carefully and strictly follow them :***

***निम्नलिखित निर्देशों का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें एवं पूर्णरूप से उनका अनुपालन करें।***

*Time allowed : 3 hours* — *Maximum marks : 80*

*निर्धारित समय : 3 घंटे* — *अधिकतम अंक : 80*

***Note / नोट :***

(i) *Please check that this question paper contains **19** printed pages.*
*कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में 19 मुद्रित पृष्ठ हैं।*

(ii) *Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.*
*प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए-गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।*

(iii) *Please check that this question paper contains **34** questions. All questions are **compulsory**.*
*कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में 34 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न **अनिवार्य** हैं।*

(iv) ***Please write down the Serial Number of the question in the answer-book before attempting it.***
**कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**

(v) ***15** minutes time has been allotted to read the question paper. The question paper will be distributed at **10.15** a.m. , From **10.15** a.m. to **10.30** a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.*
*इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र प्रश्न-पत्र का मात्र अध्ययन करेंगे तथा इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका में कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।*

*(vi)* *This question paper comprises* ***two sections : Section A*** *: Macro Economics;* ***Section B*** *: Indian Economic Development.*

*प्रश्न-पत्र को* ***दो खंडों*** *में विभाजित किया गया है* ***: खंड-क:*** *समष्टि अर्थशास्त्र;* ***खंड-ख:*** *भारतीय आर्थिक विकास ।*

*(vii)* *This question paper contains* ***20*** *Multiple Choice type questions. Each question carries* ***1*** *mark.*

*इस प्रश्न-पत्र में* ***20*** *बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न* ***1*** *अंक का है।*

*(viii)* *This question paper contains* ***4*** *Short Answer Type-I questions. Each question carries* ***3*** *marks. Answer these questions in* ***60*** *to* ***80*** *words.*

*इस प्रश्न-पत्र में* ***4*** *लघु उत्तरीय प्रकार - I के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न* ***3*** *अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर* ***60*** *से* ***80*** *शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।*

*(ix)* *This question paper contains* ***6*** *Short Answer Type-II questions. Each question carries* ***4*** *marks. Answer these questions in* ***80*** *to* ***100*** *words.*

*इस प्रश्न-पत्र में* ***6*** *लघु उत्तरीय प्रकार-II के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न* ***4*** *अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर* ***80*** *से* ***100*** *शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।*

*(x)* *This question paper contains* ***4*** *Long Answer type questions. Each question carries* ***6*** *marks. Answer these questions in* ***100*** *to* ***150*** *words.*

*इस प्रश्न-पत्र में* ***4*** *दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न* ***6*** *अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर* ***100 से 150*** *शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।*

*(xi)* *Attempting* ***all*** *parts of a question together is desirable.*

*प्रत्येक प्रश्न के* ***सभी*** *भागों को एक साथ हल करना वांछनीय है।*

*(xii)* *Answers should be in brief and to the point. The above mentioned word limit be adhered to, as far as possible.*

*उत्तर संक्षिप्त तथा बिंदुवार होने चाहिए। उपरोक्त शब्द-सीमा का यथासंभव पालन कीजिए।*

*(xiii)* *There is no overall choice in the question paper. However, internal choices have been provided in some questions.* ***Only one of the choices in such questions have to be attempted.***

*प्रश्न-पत्र में समग्र पर कोई विकल्प नहीं है। तथापि, कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं। ऐसे प्रश्नों में* ***केवल एक ही विकल्प का उत्तर लिखिए।***

*(xiv)* *In addition to this, separate instructions are given with each section and question, wherever necessary. Read and follow them carefully.*

*इसके अतिरिक्त, आवश्यकतानुसार, प्रत्येक खंड और प्रश्न के साथ यथोचित निर्देश दिए गए हैं। उनका ध्यानपूर्वक अध्ययन व अनुपालन करें।*

## SECTION - A : MACRO ECONOMICS
## खण्ड – क : समष्टि अर्थशास्त्र

1. Read the following statements carefully : **1**

**Statement 1** : External Assistance is recorded in the Capital Account of Balance of Payments (BoP).

**Statement 2** : Capital Account of Balance of Payments (BoP) records all international transactions of assets.

In the light of the given statements, choose the **correct** option from the following:

(a) **Statement 1** is true and **Statement 2** is false.
(b) **Statement 1** is false and **Statement 2** is true.
(c) Both **Statements 1** and **2** are true.
(d) Both **Statements 1** and **2** are false.

निम्नलिखित कथनों का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें :

**कथन 1** : बाहरी सहायता को भुगतान संतुलन के पूँजीगत खाते में दर्ज किया जाता है।

**कथन 2** : भुगतान संतुलन का पूँजीगत खाता सम्पत्तियों के सभी अंतर्राष्ट्रीय लेनदेनों को दर्ज करता है।

दिए गए कथनों के आलोक में, निम्नलिखित में से **सही** विकल्प का चयन करें :

(क) **कथन 1** सत्य है तथा **कथन 2** असत्य है।
(ख) **कथन 1** असत्य है तथा **कथन 2** सत्य है।
(ग) दोनों **कथन 1** व **2** सत्य हैं।
(घ) दोनों **कथन 1** व **2** असत्य हैं।

2. "Ramesh saved ₹ 10,000 in his bank account. He paid his daughter's school fees for next year, from the same amount". **1**

Identify the highlighted function of money, from the above statement.

(Choose the correct option)

(a) measure of value (b) store of value
(c) standard of deferred payments (d) medium of exchange

''रमेश ने अपने बैंक खाते में ₹ 10,000 की बचत की थी। उसने इस धन राशि में से अगले वर्ष अपनी पुत्री के विद्यालय की फीस का भुगतान किया।''

उपरोक्त कथन से मुद्रा के इंगित कार्य की पहचान करें।

(सही विकल्प का चयन करें)

(क) मूल्य मापन का माध्यम (ख) मूल्य का संचय
(ग) स्थगित भुगतान का मानक (घ) विनिमय का माध्यम

3. Suppose, Marginal Propensity to Consume (MPC) = 0.6 at ₹ 300 crore income. The value of change in consumption, would be ₹ ________ crore, if the income level increases to ₹ 400 crore. **1**

(Choose the correct option to fill up the blank)

(a) 180 (b) 200 (c) 240 (d) 60

मान लीजिए कि, ₹ 300 करोड़ की आय पर सीमांत उपभोग प्रवृत्ति (MPC) = 0.6 है। उपभोग में परिवर्तन का मूल्य ₹ ________ करोड़ होगा, यदि आय बढ़कर ₹ 400 करोड़ हो जाती है।

(रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन करें)

(क) 180 (ख) 200 (ग) 240 (घ) 60

4. Devaluation of currency means fall in the value of the domestic currency of a nation in terms of foreign currency under the ________ Exchange Rate System. **1**

(Choose the correct option to fill up the blank)

(a) Fixed
(b) Flexible
(c) Managed Floating
(d) Mixed

मुद्रा के अवमूल्यन का अर्थ ________ विनिमय दर प्रणाली के अंतर्गत विदेशी मुद्रा के संदर्भ में घरेलू मुद्रा के मूल्य से गिरावट होता है।

(रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन करें)

(क) स्थिर
(ख) नम्य
(ग) प्रबंधित तिरती
(घ) मिश्रित

5. The equilibrium level of National Income is determined where, ex-ante savings are ________ to ex-ante investments. **1**

(Choose the correct option to fill up the blank)

(a) more than
(b) less than
(c) equal to
(d) not related to

राष्ट्रीय आय के संतुलन स्तर पर नियोजित बचत, नियोजित निवेश ________ होती है।

(रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन करें)

(क) से अधिक
(ख) से कम
(ग) के बराबर
(घ) से संबंधित नहीं

6. Read the following statements : **Assertion (A)** and **Reason (R)**. Choose the correct option from those given below : **1**

**Assertion (A) :** Higher the value of Marginal Propensity to Consume (MPC), lesser is the value of Investment Multiplier (K).

**Reason (R) :** Investment Multiplier (K) is directly related to Marginal Propensity to Consume (MPC).

**Options :**

(a) Both **Assertion (A)** and **Reason (R)** are true and **Reason (R)** is the correct explanation of **Assertion (A)**.

(b) Both **Assertion (A)** and **Reason (R)** are true but **Reason (R)** is not the correct explanation of **Assertion (A)**.

(c) **Assertion (A)** is true, but **Reason (R)** is false.

(d) **Assertion (A)** is false, but **Reason (R)** is true.

निम्नलिखित कथनों को पढ़ें : **अभिकथन (A)** और **कारण (R)**। नीचे दिए गए कथनों में से सही कथन का चयन करें।

**अभिकथन (A) :** सीमांत उपभोग प्रवृत्ति (MPC) का मान जितना अधिक होगा, निवेश गुणक (K) का मान उतना ही कम होगा।

**कारण (R) :** निवेश गुणक (K) सीमांत उपभोग प्रवृत्ति (MPC) से प्रत्यक्ष रूप से संबंधित होता है।

**विकल्प :**

(क) **अभिकथन (A)** और **कारण (R)** दोनों सत्य हैं और **कारण (R) अभिकथन (A)** का सही स्पष्टीकरण है।

(ख) **अभिकथन (A)** और **कारण (R)** दोनों सत्य है लेकिन **कारण (R) अभिकथन (A)** का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(ग) **अभिकथन (A)** सत्य है, लेकिन **कारण (R)** गलत है।

(घ) **अभिकथन (A)** गलत है, लेकिन **कारण (R)** सत्य है।

7. ________ refers to that level of Aggregate Demand, which can be met by corresponding Aggregate Supply in the economy. **1**

(Choose the correct option to fill up the blank)

(a) Autonomous Investment (b) Autonomous Consumption

(c) Excess Demand (d) Effective Demand

________ से तात्पर्य समग्र मांग के उस स्तर से है, जिसे अर्थव्यवस्था में पारस्परिक समग्र आपूर्ति से पूरा किया जाता है।

(रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन करें)

(क) स्वायत्त निवेश (ख) स्वायत्त उपभोग

(ग) अधि-मांग (घ) प्रभावी मांग

8. ________ refers to fall in the value of an asset due to expected obsolescence. **1**

(Choose the correct option to fill up the blank)

(a) Consumption of Fixed Capital (b) Capital Gain

(c) Capital Loss (d) Devaluation

प्रत्याशित अप्रचलन के कारण किसी संपत्ति के मूल्य में कमी को ________ कहते हैं।

(रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन करें)

(क) स्थायी पूँजी का उपभोग (ख) पूँजी लाभ

(ग) पूँजी हानि (घ) अवमूल्यन

9. A farmer exchanges wheat for cloth. This system of exchange can be referred to as ________. **1**

(Choose the correct option to fill up the blank)

(a) Barter Exchange (b) Foreign trade

(c) Monetary Exchange (d) Self-consumption

एक कृषक कपड़े के बदले गेहूँ का आदान-प्रदान कर लेता है। इस विनिमय प्रणाली को ________ कहा जाता है।

(रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन करें)

(क) वस्तु विनिमय प्रणाली (ख) विदेशी व्यापार

(ग) मौद्रिक विनिमय (घ) स्व-उपभोग

10. Exports and imports of which of the following items, will be a component of 'Balance of Trade' (BoT) ? **1**

(Choose the correct option)

(a) Banking (b) Shipping (c) Merchandise (d) Insurance

निम्नलिखित में से किस वस्तु का निर्यात और आयात, 'व्यापार संतुलन' (BoT) का घटक होगा ?

(सही विकल्प का चयन करें)

(क) बैंकिंग (ख) शिपिंग (ग) दृश्य वस्तुएँ (घ) बीमा

**11.** (A) State, giving valid reasons, whether the following statements are True / False : **3**

(i) Capital goods are used in the production of other goods.

(ii) Fall in foreign exchange reserves in last three months are an example of stock variable.

**OR**

(B) Explain Circular flow of Income in a two-sector economy. **3**

(A) वैध कारणों द्वारा उल्लेख करें कि निम्नलिखित कथन सत्य अथवा असत्य है :

(i) पूँजीगत वस्तुओं का उपभोग अन्य वस्तुओं के उत्पादन में किया जाता है।

(ii) विगत तीन माह में विदेशी मुद्रा भंडार में कमी, स्टॉक चर का उदाहरण है।

**अथवा**

(B) एक द्वि-क्षेत्रक अर्थव्यवस्था में आय के चक्रीय प्रवाह की व्याख्या करें।

**12.** Explain any two sources of supply of foreign exchange. **3**

विदेशी मुद्रा की आपूर्ति के किन्हीं दो स्रोतों की व्याख्या करें।

**13.** Explain any two fiscal measures used to correct the situation of Deficient Demand prevailing in an economy. **4**

किसी अर्थव्यवस्था में व्याप्त अल्प मांग की स्थिति को सही करने के लिए प्रयुक्त किन्हीं दो वित्तीय उपायों की व्याख्या करें।

**14.** (A) (i) Define Investment Multiplier. **1**

(ii) Calculate the change in final income $(\Delta Y)$, if Marginal Propensity to Consume (MPC) is 0.8 and change in initial investment $(\Delta I)$ is ₹ 1,000 crore. **3**

**OR**

(B) Suppose, an economy is in equilibrium, calculate the value of Marginal Propensity to Save (MPS) from the following : **4**

(i) National Income (Y) = ₹ 4,400 crore

(ii) Autonomous Consumption $(\overline{C})$ = ₹ 1,000 crore

(iii) Investment Expenditure (I) = ₹ 100 crore

(A) (i) निवेश गुणक को परिभाषित करें।

(ii) अंतिम आय में परिवर्तन ($\Delta Y$) की गणना करें यदि, सीमांत उपभोग प्रवृत्ति (MPC) 0.8 है और प्रारंभिक निवेश में परिवर्तन ($\Delta I$) ₹ 1,000 करोड़ है।

**अथवा**

(B) मान लीजिए कि, एक अर्थव्यवस्था संतुलन में है, निम्नलिखित में से सीमांत बचत प्रवृति (MPS) की गणना करें :

(i) राष्ट्रीय आय (Y) = ₹ 4,400 करोड़

(ii) स्वायत्त उपभोग ($\overline{C}$) = ₹ 1,000 करोड़

(iii) निवेश व्यय (I) = ₹ 100 करोड़

**15.** Explain 'Banker to the Governement' function of the Central Bank. **4**

केंद्रीय बैंक के 'सरकार के बैंकर' के कार्य की व्याख्या करें।

**16.** (A) (i) State any three precautions to be considered while estimating National Income by Expenditure Method. **3**

(ii) On the basis of the following data, calculate National Income ($NNP_{FC}$) **3**

| S. No. | Item | Amount (in ₹ Crore) |
|---|---|---|
| (i) | Compensation of Employees | 800 |
| (ii) | Mixed Income of Self Employed | 900 |
| (iii) | Net Retained Earnings | 600 |
| (iv) | Net Factor Income From Abroad | (−)50 |
| (v) | Rent | 350 |
| (vi) | Profit | 600 |
| (vii) | Consumption of Fixed Capital | 200 |
| (viii) | Direct tax paid by households | 300 |
| (ix) | Corporation tax | 350 |
| (x) | Interest | 450 |

**OR**

(B) (i) Distinguish between 'Value of Output' and 'Value Addition'. **3**

(ii) On the basis of the given data, calculate intermediate consumption : **3**

| S. No. | Item | Amount (in ₹ Crore) |
|---|---|---|
| (i) | Value of Output | 2,000 |
| (ii) | Consumption of Fixed Capital | 40 |
| (iii) | Subsidies | 10 |
| (iv) | Goods and Services Tax (GST) | 30 |
| (v) | Net Value Added at Factor Cost ($NVA_{FC}$) | 1,600 |
| (vi) | Sales | 2,100 |

(A) (i) व्यय विधि द्वारा राष्ट्रीय आय की गणना करते समय ध्यान में रखी जाने वाली किन्हीं तीन सावधानियों का उल्लेख करें।

(ii) निम्नलिखित आँकड़ों के द्वारा राष्ट्रीय आय की गणना करें ($NNP_{Fc}$) :

| क्र.सं. | विवरण | राशि (₹ करोड़ में) |
|---|---|---|
| (i) | कर्मचारियों का पारिश्रमिक | 800 |
| (ii) | स्वरोजगार की मिश्रित आय | 900 |
| (iii) | शुद्ध प्रतिधारित आय | 600 |
| (iv) | विदेश से प्राप्त शुद्ध कारक आय | (−)50 |
| (v) | किराया | 350 |
| (vi) | लाभ | 600 |
| (vii) | स्थायी पूँजी का उपभोग | 200 |
| (viii) | गृहस्थों द्वारा भुगतान किया गया प्रत्यक्ष कर | 300 |
| (ix) | निगम कर | 350 |
| (x) | ब्याज | 450 |

**अथवा**

(B) (i) 'उत्पाद के मूल्य' और 'मूल्य वृद्धि' के बीच अंतर बताएँ।

(ii) निम्नलिखित आँकड़ों के द्वारा मध्यवर्ती उपभोग की गणना करें।

| क्र.सं. | विवरण | राशि (₹ करोड़ में) |
|---|---|---|
| (i) | उत्पाद का मूल्य | 2,000 |
| (ii) | स्थायी पूँजी का उपभोग | 40 |
| (iii) | उपदान | 10 |
| (iv) | वस्तु व सेवाकर (GST) | 30 |
| (v) | साधन लागत पर सकल मूल्य वृद्धि ($NVA_{FC}$) | 1,600 |
| (vi) | बिक्री | 2,100 |

17. (i) Distinguish between Direct Taxes and Indirect Taxes, with suitable examples. 3

(ii) State the meaning of Government Budget. 1

(iii) List any two sources of Non-Tax Revenue of the Government. 2

(i) उपयुक्त उदाहरणों के द्वारा प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष करों में अंतर स्पष्ट करें।

(ii) सरकारी बजट का अर्थ समझाएँ।

(iii) सरकार के किन्हीं दो गैर-कर राजस्वों के स्रोतों का उल्लेख करें।

## SECTION - B : Indian Economic Development
## खण्ड - ख : भारतीय आर्थिक विकास

18. Identify, which of the following in **not** one of the problems which India is facing on the front of Employment ? 1

(Choose the correct option)

(a) Casualisation of workforce (b) Informalisation of workforce

(c) Jobless Growth (d) Formalisation of work places

पहचानें कि, निम्नलिखित में से भारत रोजगार के मोर्चे पर कौन सी समस्या का सामना **नहीं** कर रहा है ?

(सही विकल्प का चयन करें)

(क) श्रमिकों का आकस्मिककरण (ख) श्रमिकों का अनौपचारिककरण

(ग) रोजगार विहीन विकास (घ) कार्यस्थलों का औपचारिकरण

**19.** Identify, which of the following is **not** a common similarity between the economic policies of India and Pakistan. **1**

(Choose the correct option)

(a) One-child norm (b) Green Revolution

(c) Import substitution (d) Dominance of Public sector


पहचानें कि, निम्नलिखित में से कौन-सी भारत और पाकिस्तान की आर्थिक नीतियों में समानता **नहीं** हैं ?

(सही विकल्प का चयन करें)

(क) एकल बालक नीति (ख) हरित क्रांति

(ग) आयात प्रतिस्थापन (घ) सार्वजनिक क्षेत्रों का प्रभुत्व


**20.** Analyse the given image and identify the element of Economic Policy reform of 1991. **1**



(a) Liberalisation (b) Privatisation

(c) Globalisation (d) Stabilisation Reforms

निम्न चित्र का विश्लेषण करें और 1991 की आर्थिक सुधार नीति के तत्व की पहचान करें।



(क) उदारीकरण (ख) निजीकरण

(ग) वैश्वीकरण (घ) संरचनात्मक सुधार

**21.** _________ is famous for milk cooperatives. **1**

(Choose the correct option to fill up the blank)

(a) Maharastra (b) Gujarat

(c) Uttar Pradesh (d) Haryana

_________ दुग्ध सहकारी समितियों के लिए प्रसिद्ध है।

(क) महाराष्ट्र (ख) गुजरात

(ग) उत्तर प्रदेश (घ) हरियाणा

**22.** Read the following statements : **Assertion (A)** and **Reason (R)**. Choose one of the correct option given below : **1**

**Assertion (A) :** Profit making Public Sector Undertakings should be privatised.

**Reason (R) :** After 1991, Government made attempts to improve the efficiency of Public Sector Undertaking by giving them managerial autonomy.

(a) Both **Assertion (A)** and **Reason (R)** are true and **Reason (R)** is the correct explanation of **Assertion (A)**.

(b) Both **Assertion (A)** and **Reason (R)** are true but **Reason (R)** is not the correct explanation of **Assertion (A)**.

(c) **Assertion (A)** is true but **Reason (R)** is false.

(d) **Assertion (A)** is false but **Reason (R)** is true.

निम्नलिखित कथनों को पढ़ें : **अभिकथन (A)** और **कारण (R)**। दिए गए विकल्पों में से एक सही विकल्प चुनें।

**अभिकथन (A) :** लाभ अर्जन करने वाले सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों का निजीकरण करना चाहिए।

**कारण (R) :** 1991 के उपरांत, सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को प्रबंधकीय स्वायत्तता देकर उनकी दक्षता में सुधार करने का प्रयास किया था।

(क) **अभिकथन (A)** और **कारण (R)** दोनों सत्य हैं और **कारण (R), अभिकथन (A)** का सही स्पष्टीकरण है।

(ख) **अभिकथन (A)** और **कारण (R)** दोनों सत्य हैं लेकिन **कारण (R), अभिकथन (A)** का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(ग) **अभिकथन (A)** सत्य है, लेकिन **कारण (R)** असत्य है।

(घ) **अभिकथन (A)** असत्य है, लेकिन **कारण (R)** सत्य है।

**23.** Identify, which of the following is **not** a source of Human Capital Formation ? **1**

(Choose the correct option)

(a) Expenditure on Information (b) Expenditure on Migration

(c) Expenditure on Education (d) Expenditure on Defence

पहचानें कि, निम्नलिखित में से कौन मानव पूँजी निर्माण का स्रोत **नहीं** है ?

(सही विकल्प का चयन करें)

(क) सूचना पर व्यय (ख) प्रवसन पर व्यय

(ग) शिक्षा पर व्यय (घ) रक्षा पर व्यय

**24.** The ________ initiated in 1958 aimed at industrialising the China on a massive scale. **1**

(Choose the correct option to fill up the blank)

(a) Great Leap Forward Campaign (b) Great Proletarian Cultural Revolution

(c) One child Norm (d) Dual Pricing

1958 में ________ प्रारंभ किया गया जिसका उद्देश्य चीन का व्यापक स्तर पर औद्योगिकरण करना था।

(रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन करें)

(क) ग्रेट लीप फारवर्ड अभियान (ख) महान सर्वहारा सांस्कृतिक क्रांति

(ग) एकल बालक नीति (घ) दोहरी कीमत निर्धारण

**25.** Carrying Capacity implies that ________. **1**

(i) resource extraction should remain below the rate of regeneration of the resource.

(ii) resource extraction should remain above the rate of regeneration of the resource.

(iii) generation of waste should remain within the absorptive capacity of the environment.

(iv) generation of waste should be more than the absorptive capacity of the environment.

(Choose the correct option to fill up the blank)

**Options :**

(a) (i) and (iv) (b) (i) and (iii)

(c) (ii) and (iii) (d) (ii) and (iv)

वहन क्षमता (Carrying Capacity) के संदर्भ में _________.

(i) संसाधनों का दोहन संसाधनों के पुनर्जन्म दर से नीचे होना चाहिए।

(ii) संसाधनों का दोहन संसाधनों के पुनर्जन्म दर से ऊपर होना चाहिए।

(iii) अपशिष्ट का उत्पादन पर्यावरण की अवशोषण क्षमता के भीतर रहना चाहिए।

(iv) अपशिष्ट का उत्पादन पर्यावरण की अवशोषण क्षमता से अधिक होना चाहिए।

(रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन करें)

**विकल्प :**

(क) (i) और (iv)    (ख) (i) और (iii)

(ग) (ii) और (iii)    (घ) (ii) और (iv)

**26.** Read the following statements carefully and choose the correct option given below : **1**

**Statement 1** : Indian economy was independent, self-reliant and prosperous before advent of the Colonial rule.

**Statement 2** : India had export surplus during the Colonial rule.

(a) **Statement 1** is true and **Statement 2** is false.

(b) **Statement 1** is false and **Statement 2** is true.

(c) Both **Statements 1** and **2** are true.

(d) Both **Statements 1** and **2** are false.

निम्नलिखित कथनों का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और नीचे दिए गए सही विकल्प का चयन करें।

**कथन 1 :** भारतीय अर्थव्यवस्था उपनिवेशी शासन के आगमन से पूर्व स्वतंत्र, आत्मनिर्भर और समृद्ध थी।

**कथन 2 :** भारत के पास उपनिवेशी शासन के दौरान निर्यात अधिशेष था।

(क) **कथन 1** सत्य है तथा **कथन 2** असत्य है।

(ख) **कथन 1** असत्य है तथा **कथन 2** सत्य है।

(ग) दोनों **कथन 1** व **2** सत्य हैं।

(घ) दोनों **कथन 1** व **2** असत्य हैं।

**27.** Choose the correct pair of term given in **Column - I** and statement given in **Column -II** below : **1**

| | Column - I | | Column - II |
|---|---|---|---|
| (A) | Subsidies | (i) | Maximum quantity of goods that can be imported. |
| (B) | Karve Committee | (ii) | Using large scale industries to promote rural development |
| (C) | Import Substitution Policy | (iii) | To encourage farmers for adopting new technology |
| (D) | Quota | (iv) | Protect domestic firms from foreign competition |

(a) (A)-(i) (b) (B)-(ii) (c) (C)-(iii) (d) (D)-(iv)

**कॉलम - I** और **कॉलम - II** में दिए गए पद का सही युग्म का चयन करें :

| | कॉलम - I | | कॉलम - II |
|---|---|---|---|
| (A) | उपदान | (i) | आयात की जाने वाली वस्तुओं की अधिकतम मात्रा |
| (B) | कार्वे समिति | (ii) | ग्रामीण विकास को प्रोत्साहित करने के लिए बड़े उद्योगों का उपयोग |
| (C) | आयात प्रतिस्थापन नीति | (iii) | किसानों को नई तकनीक अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना |
| (D) | कोटा | (iv) | घरेलू फर्मों का विदेशी प्रतिस्पर्धा से बचाव |

(क) (A)-(i) (ख) (B)-(ii) (ग) (C)-(iii) (घ) (D)-(iv)

28. (A) "Recently Indians have drifted away from the traditional knowledge and practices and caused large scale damage to the environment." **3**

Explain how, adopting the traditional practices can be helpful in achieving the objective of sustainable development.

**OR**

(B) "Rising population can be suggested as one of the major reasons for the environmental crisis in India". **3**

Justify the given statement, with valid arguments.

(A) ''हाल ही में भारतीय पारंपरिक ज्ञान और प्रथाओं से दूर हो गए हैं तथा पर्यावरण को बड़े पैमाने पर नुकसान पहुँचाया है।''

व्याख्या करें कि, किस प्रकार पारंपरिक विधियों को अपनाकर धारणीय विकास के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है?

**अथवा**

(B) ''बढ़ती जनसंख्या को भारत में पर्यावरण संकट के प्रमुख कारणों में से एक माना जा सकता है।'' वैध तर्कों द्वारा उपरोक्त कथन से सत्यापित करें।

29. Discuss briefly the concept of 'Informalisation of workforce' in India. **3**

'कार्यबल के औपचारिकीकरण' की अवधारणा पर संक्षेप में चर्चा करें।

30. Elaborate the rationale behind adopting self reliance as one of the goals of economic planning in India. **4**

भारत में आर्थिक नियोजन के लक्ष्यों में से एक के रूप में आत्मनिर्भरता को अपनानें के पीछे के तर्कों को विस्तार से समझाइए।

31. (A) Discuss any two tax reforms introduced post 1991 economic reforms. **4**

**OR**

(B) 'India has certain advantages which makes it a favourite outsourcing destination'. **4**

Elaborate any two such advantages.

(A) 1991 के आर्थिक सुधारों के उपरांत प्रारंभ किए गए किन्हीं दो कर सुधारों पर चर्चा करें।

**अथवा**

(B) 'भारत में कुछ विशेष अनुकूल परिस्थितियाँ हैं जिनके कारण यह विश्व का बाह्य प्रापण केन्द्र बन रहा है।'

ऐसे किन्हीं दो लाभों का विस्तारपूर्वक वर्णन करें।

**32.** Establish the relationship between human capital formation and economic growth. **4**

मानव पूँजी निर्माण व आर्थिक विकास के मध्य संबंध स्थापित करें।

**33.** (A) (i) Discuss briefly the importance of micro credit programmes in rural India. **3**

(ii) "Mohan, after completing his education, has joined his family business but his marginal productivity is zero." **3**

Comment upon the employment status of Mohan. Give valid reasons in support of your answer.

**OR**

(B) (i) Critically evaluate the role of rural banking system in the process of rural development in India. **4**

(ii) Name the indicator that is generally used for analysing the employment situation in a country. State its importance. **2**

(A) (i) ग्रामीण भारत में सूक्ष्मऋण कार्यक्रमों के महत्व की संक्षेप में चर्चा करें।

(ii) ''अपनी शिक्षा पूरी करने के उपरांत मोहन अपने पारिवारिक व्यवसाय से जुड़ गए, परन्तु उनकी सीमांत उत्पादकता शून्य है।''

मोहन की रोजगार परिस्थिति पर टिप्पणी करें व अपने उत्तर के समर्थन में मान्य कारण दें।

**अथवा**

(B) (i) भारत में ग्रामीण विकास की प्रक्रिया में ग्रामीण बैंकिंग प्रणाली की भूमिका का आलोचनात्मक मूल्यांकन करें।

(ii) उस संकेतक का नाम बताएँ जिसका किसी राष्ट्र में रोजगार की स्थिति का विश्लेषण करने में सामन्यत: उपयोग किया जाता है। इसके महत्व का उल्लेख करें।

**34.** Read the following text carefully :

**Strong Fundamentals of China-India Trade**

It is the nature of China-India bilateral trade as a confidence-building measure that must be underlined to appreciate its interface with their political relations which remains so critical for its long term prospects which is beyond mere statistics China has become India's largest trading partner, partly due to its expanding trade connections with regions like Hongkong, Macao and Taiwan.

India exports goods such as iron, cotton yarn and pharmaceuticals to China, while China exports raw silk, chemicals and consumer goods to India. Although India's share in China's total foreign trade is small (under 1%) China's share in India's trade exceeds 5% highlighting mutual economic stakes.

Additionally, both countries have skilled labour, driving future economic potential, foreign exchange reserves and Foreign Direct Investment (FDI) play crucial roles in their economic standing, with FDI serving as a major growth factor especially in China. Despite occasional competition, both nations continue to grow without significant conflict, with FDI being pivotal for their trade and economic success.

(Source : https://journals.openedition.org/china perspectives/2853) (adapted and modified)

Answer the following questions on the basis of the given text and common understanding.

(i) Explain the factors that reinforced China's position as India's largest trading partner. **2**

(ii) Compare the share of India and China to each other's total foreign trade. **2**

(iii) Identify two driving factors of economic of growth in India and China. **2**

निम्नलिखित गद्य का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें :

**चीन-भारत व्यापार की मजबूत बुनियाद**

चीन-भारत के द्विपक्षीय व्यापार की यह प्रकृति है, जो एक विश्वास-निर्माण उपाय के रूप में महत्वपूर्ण है जिससे उनके राजनीतिक संबंधों के साथ इसकी अंतर्क्रिया को समझा जा सके जो दीर्घकालिक संभावनाओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसलिए यह केवल आँकड़ों और लाभों के संदर्भ में नहीं मापा जाता, बल्कि व्यापार का राजनीतिक प्रभाव ही उनकी आर्थिक भागीदारी का मापदंड है। भारत के हांगकांग मकाऊ, व तांईवान के साथ व्यापार के समावेश से, ग्रेटर चाइना पहले ही भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बन चुका है।

भारत से चीन को निर्यात की प्रमुख वस्तुओं में लोह, कपास की सूत और थोक दवाएँ और औषधियाँ शामिल हैं। वहीं चीन से भारत को निर्यात में कच्चा रेशम, कुछ प्रकार के रसायन और कुछ निम्न-तकनीकी उपभोक्ता वस्तुएँ शामिल हैं। हालांकि भारत का हिस्सा चीन के कुल व्यापार में छोटा है (1% से कम) और चीन का हिस्सा, भारतीय व्यापार में 5% से ज्यादा है।

इसके अतिरिक्त दोनों देशों में कुशल श्रमिक है, जो भविष्य की आर्थिक संभावनाओं को बढ़ावा देते है। विदेशी मुद्रा भंडार और विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफ डी आई) उनके आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण खासकर चीन में भूमिका निभाते हैं। एफ डी आई एक प्रमुख विकास कारक के रूप में कार्य करता है। कभी-कभी प्रतिस्पर्धा के बावजूद दोनों देश महत्वपूर्ण संघर्ष के बिना आगे बढ़ते रहते हैं।

(Source : https://journals.openedition.org/china perspectives/2853) (adapted and modified)

उपरोक्त गद्य व सामान्य ज्ञान के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें :

(i) भारत के सबसे बड़े व्यापारिक साझेदार के रूप में चीन की स्थिति को और मजबूत करने वाले कारकों की व्याख्या करें। **2**

(ii) भारत और चीन के व्यापार में हिस्से की तुलना एक दूसरे के व्यापार से करें। **2**

(iii) भारत व चीन में आर्थिक विकास के प्रेरक कारकों की पहचान करें। **2**

**-oOo-**